# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सोमनाथ में आज आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के साथ श्री विजयपुरम के मजार पहाड स्थित शिव मंदिर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
2. गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति विभाग, की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए।
3. निकोबार पुलिस द्वारा बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविरों का शुभारंभ।
4. जहाज़रानी सेवा निदेशालय की ओर से ऑनलाइन दैनिक हार्बर फेरी टिकट बुकिंग शुरू करने की घोषणा की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव मंदिर के पुनर्निर्माण के अवसर पर आज सोमनाथ अमृत पर्व–2026 में भाग लेंगे। वे भगवान सोमनाथ की पूजा और कुम्भाभिषेक करेंगे तथा बाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के एक रोड़ शो कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और उप–मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी भी उपस्थित रहेंगे।

उधर, कला एवं संस्कृति विभाग आज सोमनाथ में आयोजित भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे से मजार पहाड़ स्थित शिव मंदिर में किया जाएगा। इस दौरान फ्लैग प्वाइंट के निकट अय्यनार मंदिर से 'कलश यात्रा' निकाली जाएगी, जिसमें महिलाओं एवं विभिन्न सामुदायिक समूहों की भागीदारी रहेगी। यह यात्रा शिव मंदिर में संपन्न होगी। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सोमनाथ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति विभाग, की ओर से हाल ही में अंडमान क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में टैगोर के साहित्यिक और कलात्मक योगदान को सम्मानित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विभाग की निदेशक, प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में गुरु रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'रवींद्र जयंती' नोबेल पुरस्कार विजेता कवि, लेखक और दार्शनिक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्मदिन है, जिनके कार्यों ने बंगाली साहित्य, संगीत और भारतीय संस्कृति को प्रभावित किया है। उन्होंने लोगों को स्वतंत्रता संग्राम में टैगोर के योगदान और आज के समय में उसकी प्रासंगिकता के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने युवा पीढ़ी से टैगोर के कार्यों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिगलीपुर की पीजीटी, कल्याणी हल्दर ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी देते हुए टैगोर को समर्पित एक कविता पाठ भी किया। कला एवं संस्कृति विभाग की सहायक निदेशक, कनक राधा चटर्जी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों का स्वागत किया।

<><><><><><><><><>

वंचित और कमजोर वर्ग के छात्रों की सहायता के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं के उन छात्रों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान की जाएगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण कोचिंग फीस देने में असमर्थ हैं। इस योजना में निम्न आय वर्ग के छात्रों, अनाथालय में रहने वाले बच्चों, एकल अभिभावक परिवारों तथा अन्य सामाजिक रूप से कमजोर समूहों के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही कंप्यूटर एवं अन्य आवश्यक डिजिटल कौशल प्रशिक्षण भी शुरू करने की योजना है। इच्छुक छात्र आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा श्रेणी प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ 20 जून तक फोरशोर रोड, हैड्डो स्थित गैर सरकारी संगठन उन्नति के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यदिवसों में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक फोन संख्या 9434–283–062 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><><>

निकोबार जिले के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस थानों में 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू किए गए है। इस पहल का उद्देश्य छुट्टियों के दौरान शैक्षिक और आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के लिए एक सुरक्षित, अनुशासित और मज़बूत भविष्य का निर्माण करना है। इन शिविरों में बच्चों को रचनात्मकता और कला गतिविधियों, शैक्षिक और संवादात्मक सत्रों, खेलों और

क्रीड़ाओं, सुरक्षा जागरूकता, नैतिक मूल्यों की शिक्षा, आत्मविश्वास बढ़ाने वाले अभ्यासों, अनुशासन और टीम भावना से जुड़ी गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और समग्र कौशल विकास का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान किया जाएगा। अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों का पंजीकरण कर इस पहल का समर्थन करें। यह पहल न केवल युवा मस्तिष्कों के समग्र विकास को बढ़ावा देती है, बल्कि समुदाय के भीतर पुलिस और जनता के बीच के संबंधों को भी मज़बूत करती है।

<><><><><><>

जहाज़रानी सेवा निदेशालय की ओर से स्टार्स ई टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दैनिक हार्बर फेरी टिकट बुकिंग शुरू करने की घोषणा की गई  है। यह पहल यात्रियों की डिजिटल सुविधा को बढ़ाने, हार्बर क्षेत्र में फेरी सेवाओं की दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत यात्री फेरी मार्गों के लिए एकतरफा और वापसी टिकट ऑनलाइन बुक कर सकते है। इसके अलावा मासिक पास का ऑनलाइन नवीनीकरण भी किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त प्रमाणिकरण सुनिश्चित करने के लिए क्यू आर आधारित डिजिटल सत्यापन प्रणाली भी लागू की गई है।

<><><><><><>

धन्नीखाड़ी बांध में जलस्तर पचास मीटर से नींचे जा चुका है जिसके कारण अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा नगरपालिका परिषद् को आपूर्ति किए जाने वाले जल की मात्रा में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे निपटने के लिए परिषद् ने रटलैंड द्वीप से जल संग्रहण की वैकल्पिक व्यवस्था प्रारंभ की है। विभाग जल संकट के प्रभाव को कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है तथा आम जनता से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग कर, जल का सही उपयोग करे तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक बर्बादी से बचें।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस भर्ती में जनजातीय समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाने और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए हाल ही में कार निकोबार में एक विशेष संवाद और मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व निकोबार जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने किया। इस अवसर पर कार निकोबार पुलिस थाना की थाना अधीकारी टी. हेमावती, और पुलिस रेडियो व फायर स्टेशन (कार निकोबार) के प्रभारी अधिकारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनजातीय समुदायों के इच्छुक उम्मीदवारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र के दौरान, पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने उम्मीदवारों

को आगामी भर्ती अभियान के बारे में जानकारी दी। शारीरिक फिटनेस के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने उम्मीदवारों को नियमित प्रशिक्षण शुरू करने और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दीं। साथ ही, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन और प्रेरक सुझाव भी साझा किए।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

सोमनाथ में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण और प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। – **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने इस खबर के अलावा मदर्स डे के अवसर पर अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा 'मॉम एंड मी' टीम शतरंज प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। निकोबार पुलिस द्वारा पुलिस भर्ती में आदिवासी आवेदकों के बीच जागरूकता एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रमुखता से छापा है। टी वी के पार्टी प्रमुख सी. जोसफ विजय के तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने अंदर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>